मंगलवार

24 जनवरी 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




बीज निगम का अधिकारी बन हड़पा किसानों के ढाई करोड़ से अधिक कीमत का धान 3


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


# सर्जिकल स्ट्राइक पर दिग्विजय के बयान से बवाल, कांग्रेस ने झाड़ा पल्ला

♦ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता की टिप्पणी को बीजेपी ने बताया सेना का अपमान

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सर्जिकल स्ट्राइक पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के बयान से पार्टी ने पल्ला झाड़ लिया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह द्वारा व्यक्त किए गए विचार उनके अपने हैं। इससे कांग्रेस का कोई संबंध नहीं है और न ही हम ऐसा सोचते हैं। 2014 से पहले यूपीए सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक की थी। कांग्रेस ने राष्ट्रीय हित में सभी सैन्य कार्रवाइयों का समर्थन किया है और समर्थन करना जारी रखेगी।

### अनुच्छेद 370 हटने से किसका फायदा हुआ

कांग्रेस नेता ने सवाल उठाते हुए कहा था कि अनुच्छेद 370 हटने से किसका फायदा हुआ। केंद्र की तरफ से कहा गया कि आतंकवाद खत्म हो जाएगा और हिंदुओं का बोलबाला होगा। मगर हालात अलग हैं। जब से अनुच्छेद 370 हटी है तक से आतंकवाद बढ़ा है। जम्मू कश्मीर में रोज कुछ ना कुछ हो रहा है। पहले आतंकी घटनाएं घाटी तक सीमित थी, लेकिन अब राजोरी, डोडा तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश की समस्या का निदान नहीं करना चाहती है।



इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा था कि केंद्र सरकार लगातार सर्जिकल स्ट्राइक करने की बात करती है, लेकिन उनमें कितने लोगों को मार गिराया, इसका कोई सबूत नहीं है। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के बयान राहुल नफरत की बात कर देश को बदनाम कर रहे हैं, पर कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्हें यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाषणों को सुनना चाहिए। वह खुलेआम लोगों को मारने की बात करके नफरत फैला रहे हैं।

भाजपा ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि इस तरह की टिप्पणियों से यह प्रदर्शित होता है कि देश में की जा रही राहुल गांधी नीत पदयात्रा सिर्फ नाम की ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ण है, जबकि वह और उनकी पार्टी के सहकर्मी देश तोड़ने के लिए कार्य कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि यह असल में भारत तोड़ो यात्रा है। यदि वे सशस्त्र बलों के खिलाफ बोलेंगे, तो भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। राहुल गांधी और कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी से नफरत करती है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि वे नफरत में इस कदर अंधे हो गए हैं कि देश के प्रति उनका समर्पण घट गया है।

**पार्टी महासचिव ने कहा-यह उनके अपने विचार हैं:** पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा, सर्जिकल स्ट्राइक के बारे में दिग्विजय सिंह के बयानों से कांग्रेस सहमत नहीं है। यह उनके अपने विचार हैं। यह पार्टी का रुख नहीं है। वर्ष 2014 से पहले यूपीए की सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक की थी। रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने राष्ट्रीय हित में सभी सैन्य कार्रवाइयों का समर्थन किया है और समर्थन करना जारी रखेगी। इस बीच, बयान से बैकफुट पर आई कांग्रेस ने फौरन डैमेज कंट्रोल करते हुए दिग्विजय सिंह का वीडियो ट्वीट किया है। इसमें वह सर्जिकल स्ट्राइक के बजाय सरकार की विफलताओं पर सवाल उठाते दिख रहे हैं।

# स्वामी प्रसाद मौर्य के माता-पिता ने गलती कर दी: अश्विनी चौबे

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने रामचरितमानस पर विवादित बयान देते हुए कहा था कि इसकी कुछ पंक्ति नफरत फैलाने वाली है। इसको लेकर पूरे देश में हंगामा मच गया था। हालांकि शिक्षा मंत्री का बयान बिहार में ठंडा हो चुका है, लेकिन उत्तर प्रदेश में इस मामले ने तूल पकड़ लिया है।

सोमवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने यूपी के एमएलसी और समाजवादी पार्टी के पिछड़ा समाज से आने वाले वरिष्ठ नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर पलटवार किया। स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने इतना तक कह दिया कि उनके इनके माता-पिता ने गलती कर दी। नाम के आगे स्वामी रख दिया। सोमवार को अश्विनी चौबे दिल्ली से पटना पहुंचे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनका तो बैंड बज जाएगा। स्वामी शब्द मर्यादित शब्द है। उनके नाम से हटा देना चाहिए। अश्विनी चौबे ने आगे हमला करते हुए कहा कि रामचरितमानस ग्रंथ का जिस प्रकार से विरोध हो रहा है यह पूरी तरह साजिश के तहत षड्यंत्र रच के समाज को तोड़ने का काम किया जा रहा है। ऐसे लोग समाज विरोधी हैं जो गंदी बातें करके इस तरह से समाज को दूषित कर रहे हैं।

## खबरें फटाफट

### शराब पीने से आठ लोगों की मौत

**सिवान।** बिहार के सिवान जिले में जहरीली शराब पीने से आठ लोगों की मौत हो गयी और छह की आंखों की रोशनी चली गयी।घटना कल जिले के लकरी नबीगंज थाना क्षेत्र के बाला गांव में घटी। 14 लोगों की हालत गंभीर है और मृतकों की संख?या बढ़ने की आशंका है। तीन लोगों को इलाज के लिए गोरखपुर भेजा गया है और ग ?यारह को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक जे एस गंगवार ने बताया कि सैनिटाइजर बनाने के लिए कोलकाता से स्प्रिट लाया गया था, लेकिन इसका इस्?तेमाल अवैध शराब बनाने में किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### 24 किमी लंबी बनाई गई मानव श्रृंखला

**बरेली।** बरेली में सोमवार सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत 24 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाई गई। जिसमें 50 हजार स्कूली बच्चों ने भाग लिया। कमिश्नर, डीआईजी, डीएम और सीडीओ ने बरेली कॉलेज गेट से मानव श्रृंखला की शुरूआत की। इस दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए भी कार्यक्रम आयोजित हुए। जागरूकता अभियान के तहत 24 किमी लंबी मानव श्रृंखला बनाई गई। इस दौरान सैकड़ों स्कूलों के हजारों बच्चों ने ट्रैफिक नियमों के बने हुए बैनर और पोस्टर हाथों में लेकर बरेलीवासियों को जागरूक किया।

### महाराणा प्रताप स्मृति समारोह में मुख्यमंत्री ने महिला स्वावलंबन पर दिया जोर

# समाज की बेहतरी के लिए कार्य कर रही हैं जीविका दीदियां: सीएम

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मिलर हाई स्कूल में आयोजित महाराणा प्रताप स्मृति समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए आयोजकों को बधाई देता हूं। आज पुनः महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि के अवसर पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वर्ष 2020 में भी इस कार्यक्रम का आयोजन यहां किया गया था। उनकी पुण्य तिथि 19 जनवरी को है। 19 जनवरी को महाराणा प्रताप जी की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है। उनके जन्म दिवस को राजकीय समारोह के रूप में आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग सभी वर्गों के लिए काम करते हैं। वोट के लिए काम नहीं करते हैं। राजनीति में जिनको जिनका समर्थन करना है, वे स्वतंत्र हैं। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई कार्य किए गए हैं। जीविका दीदियां आर्थिक स्वावलंबन की ओर बढ़ रही हैं। अपने परिवार के साथ-साथ समाज की बेहतरी के लिए कार्य कर रही हैं। लड़कियों को शिक्षित करने के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। वर्ष 2005 में जब सरकार में आए थे तो राज्य का प्रजनन दर 4.3 था। एक सर्वे से पता चला कि पति-पत्नी में अगर पत्नी मैट्रिक पास है तो देश का प्रजनन दर 2 है और बिहार का प्रजनन दर भी 2 है। पति-पत्नी में अगर पत्नी इंटर पास है तो देश का प्रजनन दर 1.7 है और बिहार का प्रजनन दर 1.6 है। लड़कियों के शिक्षित होने से प्रजनन दर कम होगा। अब राज्य का प्रजनन दर 2.9 पर आ गया है। यह 2 पर आ जाएगा। पुलिस की बहाली में महिलाओं को 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है। बिहार में जितनी पुलिस में महिलाएं हैं उतनी दूसरे राज्यों में नहीं हैं। राज्य की सभी सरकारी सेवाओं में महिलाओं को 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है। इंजीनियरिंग तथा मेडिकल संस्थानों में नामांकन में लड़कियों को एक तिहाई आरक्षण दिया गया है। वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं तथा वर्ष 2007 में नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया। सभी अपने बच्चे-बच्चियों को पढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप के द्वारा हर तबके के उत्थान के लिए काम किए गए हैं। उन्होंने सबको साथ लेकर चला, इसके बारे में सभी को बताएं और इससे सीख लें, इससे समाज और आगे बढ़ेगा। सभी आपस में मिल जुलकर प्रेम और भाईचारे के साथ रहें। समाज में एकजुटता के साथ रहें। समाज एकजुट रहेगा तो राज्य और देश आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में पुष्प की बड़ी माला पहनाकर, पगड़ी पहनाकर तथा अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाराणा प्रताप की वीरगाथा पर एक वीडियो फिल्म भी दिखाई गई।



### हर समुदाय के लोगों के लिए काम करते रहे हैं महाराणा प्रताप

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप के कार्यों को सभी याद करते हैं। उनकी भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता है। बचपन से हम उनके बारे में सुनते रहे हैं। वे राजस्थान के मेवाड़ रियासत में जन्म लिए थे। उन्होंने वीरता की विशिष्ट छाप छोड़ी। वे जो भी काम करते थे उसमें समाज के सभी तबके के उत्थान के लिए सोचते थे। समाज का हर तबका भी उनसे जुड़ा हुआ था। भामाशाह ने उन्हें काफी मदद की थी। वे जैन धर्म के माननेवाले थे। हमलोग यहां जैन धर्म के लोगों को भी इज्जत देते हैं। हमलोग सभी का ख्याल रखते हैं। उन्होंने कहा कि जब युद्ध हुआ था उसमें महाराणा प्रताप के पुत्र ने कुछ महिलाओं को गिरफ्तार किया था। महाराणा प्रताप ने उन महिलाओं को रिहा करवा दिया था। वे महिलाओं के हित के बारे में भी सोचते थे। हमलोग भी महिलाओं, अति पिछड़ों, अनुसूचित जाति-जनजाति सहित समाज के हर समुदाय के लोगों के लिए काम करते रहे हैं, उन्हें सम्मान देते रहे हैं। हमलोग महाराणा प्रताप के आदर्श को लागू करते रहे हैं। महाराणा प्रताप किसी जाति को लेकर नहीं समाज के हर तबके को साथ लेकर चलते थे। उन्होंने जो कार्य किए, जो आदर्श स्थापित किया, जो लोगों को सिखाया उसको आपलोग घर-घर तक छपवाकर पहुंचा दें ताकि नई पीढ़ी के लोग उनके बारे में सभी चीजों के बारे में और बेहतर ढंग से जान-समझ सकें।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

♦ पीठ ने खारिज किया मामला, कहा- ऐसे मुकदमे सिर्फ अखबारों के पेज एक के लिए

**एजेंसी/नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और बीजेपी के कद्दावर नेता योगी आदित्यनाथ को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में राजस्थान के अलवर में चुनाव प्रचार के दौरान कथित आपत्तिजनक भाषण देने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस विक्रम नाथ की पीठ ने कहा कि वह मामले में हस्तक्षेप करना नहीं चाहती। पीठ ने कहा, "ऐसे मुकदमे सिर्फ पेज 1 (अखबारों) के लिए होते हैं। इसे खारिज किया जाता है।"



याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी और याचिकाकर्ता पर 5,000 रुपये का जुमार्ना लगाया था. यह याचिका मऊ जिले के नवल किशोर शर्मा ने दायर की थी। याचिकाकर्ता के अनुसार, आदित्यनाथ ने 23 नवंबर 2018 को अलवर में एक चुनावी भाषण में उनकी धार्मिक भावनाएं आहत की थीं।

**मऊ की जिला अदालत में भी दर्ज करायी थी शिकायत :** सुप्रीम कोर्ट का रुख करने से पहले याचिकाकर्ता ने मऊ की जिला अदालत में मुख्यमंत्री के भाषण के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी जिसे खारिज कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की जिसे भी क्षेत्रीय न्यायाधिकार के आधार पर खारिज कर दिया गया।







### नए वायरस के संक्रमण से बिगड़ी स्कूली बच्चों की तबीयत, दस्त और उलटी से परेशान

# केरल में मिला अब नोरोवायरस, दर्जनों स्कूली बच्चे संक्रमित

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कोरोनावायरस के प्रकोप से उभरते केरल में अब एक और वायरस फैलने लगा है। यहां कक्कनाड के एक प्राइवेट स्कूल के छात्रों की तबियत बिगड़ी तो जांच करने पर सामने आया कि वे एक वायरस से संक्रमित हुए हैं। डिस्ट्रिक्ट मेडिकल ऑफिसर के मुताबिक, बच्चों में नोरोवायरस की पुष्टि हुई कक्कनाड डीएमओ ने बताया कि एक प्राइवेट स्कूल में प्राथमिक कक्षा के बच्चों में उल्टी और दस्त जैसे लक्षण दिखने के बाद इस बीमारी की पुष्टि हुई थी। उन्होंने बताया कि कक्षा एक व कक्षा दो के 62 विद्यार्थियों व कुछ अभिभावकों में संक्रमण के लक्षण पाए जाने पर सैंपल स्टेट पब्लिक लैब भेजे गए थे। जिला चिकित्सा अधिकारी (डीएमओ) द्वारा सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार, 2 सैंपल के टेस्ट पॉजिटिव आए हैं। वहीं, 3 बच्चों का इलाज चल रहा है।



**कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों की छुट्टी की गई :** डीएमओ ने कहा कि जो बच्चे नोरोवायरस से संक्रमित हुए उनकी हालत चिंताजनक तो नहीं है, हालांकि प्रकोप के बाद स्कूल ने कक्षा 1 से 5 तक के बच?चों के लिए अवकाश घोषित कर दिया है। जिला प्रशासन ने वायरस के प्रकोप के मद्देनजर निवारक और जागरूकता के उपाय शुरू किए हैं। ऑनलाइन अवेयरनेस क?लासेस आयोजित की जा रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक, संक्रमण फैलने वाले स्कूल में कक्षाओं और शौचालयों को सेनिटाइज किया गया है। वहीं, लक्षण दिखने वालों को निगरानी में रहने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने जनता से सतर्क रहने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि पेयजल स्त्रोत साफ होने चाहिए। डीएमओ के बयान में कहा गया है कि उचित उपचार और एहतियात के साथ बीमारी को कम समय में ठीक किया जा सकता है।

**गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है :** एक्सपर्ट्स के मुताबिक, नोरोवायरस एक संक्रामक वायरस है जो उल्टी और दस्त का कारण बनता है। इसके सामान्य लक्षणों में निम्न-श्रेणी का बुखार या ठंड लगना, सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द शामिल हैं। यह वायरस आमतौर पर स्वस्थ लोगों को प्रभावित नहीं करता है, लेकिन यह छोटे बच्चों, बुजुर्गों और अन्?य-बीमारियों वाले लोगों के लिए गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है। नोरोवायरस प्रदूषित पानी और भोजन से फैल सकता है। संक्रमित लोगों के साथ सीधे संपर्क से भी इसकी बीमारी लग सकती है। यह संक्रमित लोगों के मल और उल्टी से भी फैल सकता है।

## दुकानदार के साथ मारपीट, पीड़ित जख्मी

**जहानाबाद।** घोसी थाना क्षेत्र के बंधुगंज बाजार में कुछ समय के लिए अफरा तफरी मच गई, जब कुछ असामाजिक तत्वों ने एक दुकानदार को लाठी डंडे से मार कर घायल कर दिया। बताया जाता है कि गंधार गांव निवासी राजीव शर्मा नामक व्यक्ति बंधु गंज बाजार में खाद की दुकान खोले हुए है। सोमवार के लगभग करीब 3:00 अपने दुकान पर बैठा हुआ था तभी 5 की संख्या में लाठी-डंडे लेकर आए और खाद लेकर जाने लगा जब दुकानदार द्वारा पैसे की मांग की तो उन लोगों ने लाठी डंडे से मार कर इसे घायल कर दिया। इस घटना की सूचना स्थानीय थाने के पुलिस को दी गई जैसे ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंचा की मारपीट करने वाले लोग घटनास्थल से फरार हो गए। घायल व्यक्ति को पुलिस द्वारा इलाज के लिए घोसी पीएसी में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर द्वारा गंभीर स्थिति को देखते हुए हर व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद रेफर कर दिया है।

# एमडीए अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोगी विभागों से समन्वय स्थापित

**केटी न्यूज/गया**

- मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान को लेकर डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेशन कमिटी की बैठक
- सिविल सर्जन की अध्यक्षता में डीसीसी की हुई बैठक, तैयारियों पर विस्तार से चर्चा

जिला में फाइलेरिया की रोकथाम के लिए 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जायेगा। दवा सेवन अभियान के दौरान सभी योग्य लाभार्थियों को डीईसी तथा अल्बेंडाजोल की दवा दी जायेगी। इस अभियान में स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर अपने सामने दवाई सेवन कराने का काम करेंगे।

इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा की तैयारी जोरो पर है। इन तैयारियों को लेकर सोमवार को सिविल सर्जन डॉ रंजन कुमार सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेशन कमिटी की बैठक की गयी। इस बैठक में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ एमई हक, केयर इंडिया डीटीएल शशिरंजन तथा नरेंद्र कुमार, डीपीओ फाइलेरिया अमर कुमार, यूनिसेफ से संजय सिंह, विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि, रविरंजन कुमार तथा पीसीआई से अरुण कुमार व अन्य सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे।



बैठक करते सिविल सर्जन और अन्य स्वास्थ्य अधिकारी

सिविल सर्जन ने कहा कि फाइलेरिया को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग हर प्रभावी कदम उठा रहा है। इस अभियान की सफलता के लिए दूसरे विभागों के भी सहयोग सुनिश्चित करने के लिए समन्वय स्थापित किया गया है। बताया कि समाज कल्याण, शिक्षा, पंचायती राज, आपूर्ति, शिक्षा, आइसीडीएस और जीविका के जिला स्तरीय अधिकारियों से संपर्क किया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियान को लेकर माइक्रोप्लानिंग तैयार है। पंचायत स्तर पर मुखिया तथा वार्ड सदस्य लोगों से दवा सेवन को लेकर अपील करेंगे। इस अभियान में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। शिक्षक और छात्र मिल कर फाइलेरिया पर रैली निकालने तथा निबंध लेखन आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक करने में अपना सहयोग प्राप्त करेंगे। साथ ही, इस अभियान में जीविका का भी सहयोग प्राप्त होगा।

### अभियान को लेकर जिले में हो रहा मोबिलाइजेशन

फाइलेरिया अभियान को लेकर होने वाले कार्यक्रमों तथा अभियान को दिशा देने में सहयोगी संस्थाएं केयर इंडिया काम कर रही है। केयर इंडिया के फाइलेरिया डीपीओ अमर कुमार ने बताया जिला में इस अभियान को लेकर मोबिलाइजेशन का काम किया जा रहा है। इसके लिए वार्ड स्तर पर मरीजों और उनके परजिनों को फाइलेरिया के लक्षण, इलाज और बचाव की जानकारी दी जा रही है। साथ ही, उन्हें सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है। बताया कि जिला की आबादी लगभग 57 लाख है और एक अनुमान के हिसाब से 59 हजार फाइलेरिया के रोगी हैं।

### 24 तथा 25 जनवरी को स्वास्थ्यकर्मियों का प्रशिक्षण

बैठक के दौरान डॉ एमई हक ने बताया जिला स्तर पर आशा तथा अन्य संबंधित स्वास्थ्य कर्मचारियों का दवा सेवन को लेकर प्रशि?क्षण कराया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 24 तथा 25 जनवरी को किया जाना है। इसके बाद प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्यकर्मियों का प्रशिक्षण किया जायेगा। इसके लिए दो स्वास्थ्यकर्मियों की टीम तैयार की गयी है। ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनरर्स के प्रशिक्षण में दवा सेवन करने की विधि, योग्य लाभार्थी की जानकारी आदि दी जायेगी। साथ ही, दवा कराने के फायदे के बारे में लोगों को जानकारी किस प्रकार देनी है इस पर भी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### चौसा में एसपी ने कंपनी अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

# नहीं चलेगी मनमानीः आंदोलन के नाम पर कंपनी का काम रोकने वालों पर सख्ती



बैठक से पूर्व जायजा लेते एसपी, कंपनी के सीईओ व अन्य अधिकारी

**केटी न्यूज/चौसा**

- एसपी बोले- कंपनी में आठ प्वाइंट पर तैनात किए जाएंगे 200 जवान
- कंपनी सीईओ ने कहा, सोमवार तक काम पर नहीं लौटने वाले स्थानीय मजदूरों को हटाया जाएगा

पिछले तीन महीने से मुआबजा की मांग पर चौसा में धरना दे रहे किसानों के आड़ में कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर कंपनी का काम रोका जा रहा है। जिससे थर्मल पॉवर प्लांट को हर दिन करोड़ों रूपए का नुकसान हो रहा है। लेकिन किसानों के आड़ में थर्मल पॉवर का काम रोकने वालों की मनमानी अब नहीं चलने वाली है। कंपनी की शिकायत पर बक्सर पुलिस इस मसले पर काफी सख्त हो गई है।

सोमवार को बक्सर एसपी मनीष कुमार चौसा के थर्मल पॉवर प्लांट पहुंच कंपनी अधिकारियों के साथ अहम बैठक किए। इस दौरान उपद्रवी तत्वों से निपटने के लिए अतिरिक्त 200 पुलिस बल को कंपनी की सुरक्षा में लगाए जाने की बात एसपी ने कंपनी प्रशासन को कही। अधिकारियों के साथ बैठक के बाद एसपी ने कंपनी अधिकारियों के पूरे परिसर का भ्रमण कर आठ प्वाइंट निर्धारित किए। जहां इन जवानों की तैनाती की जाएगी। एसपी ने उन जगहों को बारीकि से देखा तथा सुरक्षा का जायजा भी लिया। इस दौरान उन्होंने अपने मातहतों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के बाद एसपी ने कहा कि किसानों के वेष में छिपे उपद्रवी तत्वों की पहचान कर ली गई है। उन्हें जल्दी ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। बैठक में एसपी के साथ कंपनी के सीईओ मनोज कुमार, प्रोजेक्ट डायरेक्टर आनंद चटर्जी, आरसीएम एमएम श्रवणन, एचआर हेड पीएन केसर समेत कई अन्य कंपनी अधिकारी मौजूद थे।

**निर्दोषों को नहीं भेजा जाएगा जेल :** एसपी मनीष ने स्थानीय लोगों को भी आश्वत किया है कि किसी भी निर्दोष को जेल नहीं भेजा जाएगा। एसपी ने लोगों से अपील की है कि एफआईआर जिनका गलत तरीके से नाम पड़ गया है वे सीधे एसपी ऑफिस आकर सबूतों के साथ आवेदन दे कि वे उपद्रव के दिन कहां थे। सबूत देने के बाद उनका नाम एफआईआर से हटाया जाएगा। एसपी ने कहा कि वे ग्रामीणों को अपना पक्ष रखने के लिए पूरा मौका देने को तैयार है। लेकिन आंदोलन के नाम पर उपद्रव तथा कंपनी के काम रोके जाने को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**ट्रैक्टर रैली पर रखी जाएगी विशेष नजर :** 26 जनवरी को चौसा के किसानों द्वारा बनारपुर से बक्सर तक ट्रैक्टर रैली निकाली जाएगी। एसपी ने कहा कि पुलिस की नजर इस ट्रैक्टर रैली पर रहेगी। ट्रैक्टर रैली की निगरानी के लिए अतिरिक्त पुलिस बल को लगाया गया है। उन्होंने कहा कि अब चौसा से बक्सर तक यह रैली पुलिस की निगरानी में रहेगी।

**बीती घटना को लेकर लोगों में दहशत :** इधर, किसान संगठनों में 26 जनवरी को लेकर निकाली जाने वाली ट्रैक्टर रैली को लेकर दहशत है। क्योंकि पिछली बार किसानों के द्वारा मचाए गए उपद्रव से काफी नुकसान पहुंचा था। अब किसानों ने सड़कों पर रैली का एलान किया है। ऐसे में लोगों में यह खौफ है कि यदि प्रशासन ने किसानों को रोकने के लिए सख्ती बरती तो किसानों का क्या रूख होगा। हालांकि, विधि व्यवस्था के संधारण के लिए प्रशासन ने पूरी तैयार कर लिया है।

### मजदूरों के काम पर नहीं लौटने से कंपनी का काम प्रभावित हो रहा है



बैठक करते एसपी, कंपनी के सीईओ व अन्य अधिकारी

इधर कंपनी सीईओ ने कहा कि कई स्थानीय मजदूर उपद्रव के बाद से ही काम पर नहीं आ रहे है। जिससे कंपनी का काम प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सोमवार तक काम पर नहीं लौटने वाले स्थानीय मजदूरों को हटा उनके जगह दूसरे मजदूरों को रखा जाएगा। वैसे सूत्रों की मानें तो आंदोलनकारी किसानों के दबाव में ही स्थानीय मजदूर कंपनी नहीं जा पा रहे है। हालांकि अब मजदूर भी उनका दबाव मानने से इंकार कर रहे है। मजदूरों का तर्क है कि या तो उन्हें काम पर जाने दिया जाए या फिर उनकी मजदूरी दी जाए। जानकारों की मानें तो कंपनी के इस निर्देश के बाद स्थानीय मजदूरों में अपनी नौकरी जाने का भय बना हुआ है।



मौके पर तैनात पुलिस जवान



एसपी, कंपनी के सीईओ व अन्य अधिकारी

# भोजपुर में स्कूली बस की चपेट में आने से छात्र की मौत, हंगामा और सड़क जाम

- मुआवजे और बस चालक की गिरफ्तारी को लेकर सड़क पर उतरे लोग

**केटी न्यूज/आरा**



घटना के बाद बच्चे के शव को अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन

आरा-पटना फोरलेन पर कोईलवर पेट्रोल पंप के पास सोमवार की सुबह बेलगाम स्कूली बस ने साइकिल सवार एक छात्र को रौंद डाला। उसमें छात्र की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। उसका शव क्षत-विक्षत हो गया था। मृत छात्र कोईलवर थाना क्षेत्र के कुबेरचक कुलहड़िया गांव निवासी अखिलेश राय का बेटा कृष्णा कुमार था। वह अपनी बीमार मां के लिए दवा लेने साइकिल लेकर घर से निकला था।

इधर, हादसे की खबर मिलते ही लोग भड़क उठे। काफी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गये और हंगामा शुरू कर दिया गया। मुआवजे और बस के चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीण सड़क पर उतर गये। शव रख कर सड़क को जाम कर दिया गया। टायर जलाकर प्रदर्शन किया गया। इससे फोरलेन पर करीब दो घंटे तक अफरातफरी मची रही और आवागमन बाधित रहा। बाद में सड़क हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा काफी मशक्कत कर लोगों को समझाकर शांत कराया गया। तब जाकर लोगों का गुस्सा शांत हुआ और सड़क जाम समाप्त हो सका। उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव सौंपा गया।

**छात्र को पीछे से रौंदते निकल गयी स्कूली बस :** इधर, छात्र कृष्ण कुमार के भाई प्रमोद कुमार ने बताया कि उसकी मां का दो-तीन दिनों से तबीयत खराब चल रही थी। उनके लिए दवा लेने उनका भाई सुबह करीब आठ बजे साइकिल से कोईलवर बाजार जाने के लिए घर से निकला था। उसी दौरान वह कोईलवर स्थित मनभावन होटल से आगे बढ़ा ही था कि पीछे से जा रही तेज रफ्तार स्कूली बस ने उसे ठोकर मार दिया। उससे वह गिर पड़ा। उसके बाद बस उसे रौंदते हुए निकल गयी। उससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। उसके बाद एक वाहन चालक की ओर से हादसे की सूचना दी गई। सूचना मिलने ही परिजन और कुल्हड़िया गांव के काफी संख्या में लोग भागते हुए घटनास्थल पर पहुंचे। उसके बाद घटना से आक्रोशित लोगों द्वारा सड़क जाम कर दिया गया।

## अरवल जिला शिक्षा पदाधिकारी गिरफ्तार

**अरवल।** सदर थाना की पुलिस ने जिला शिक्षा पदाधिकारी शिवचंद्र बैठा को उनके कार्यालय के समीप से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार माननीय न्यायालय से उन पर वारंट निर्गत किया गया था तभी गुप्त सूचना के आधार पर कार्यालय के समीप से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी शिवचंद्र बैठा की पत्नी पवन कुमारी द्वारा सीतामढ़ी कोर्ट में परिवाद दायर किया था जिसमें प्रताड़ना और कई गंभीर आरोप उन पर लगाए गए थे माननीय न्यायालय ने तत्काल वारंट जारी करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। वारंट निर्गत होने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार जिला शिक्षा अधिकारी से कड़ी पूछताछ की जा रही है।विदित है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी अपनी पत्नी को छोड़कर किसी और महिला के साथ अरवल पोस्टिंग के दौरान रह रहे थे। आरोप है कि पहली पत्नी को छोड़कर किसी और महिला के साथ रहते हैं और उससे अपनी पत्नी की तरह रखते हैं।

## पिता ने हमेशा की गरीबों की मदद, उन्हीं के आदर्श पर चलने का प्रयासः अखिलेश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल मुख्यालय में सोमवार को स्व. द्वारिका प्रसाद केसरी स्मृति संस्थान के द्वारा स्वर्गीय द्वारका प्रसाद केसरी की 20वीं पुण्यतिथि पर 151 गरीबों माताओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। यह संस्थान नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी व नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन मीरा देवी के पति स्व द्वारिका केसरी की याद में बनाया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत सम्मानित जिला परिषद अध्यक्ष विद्या भारती, पूर्व चेयरमैन मीरा देवी, पूर्व वार्ड पार्षद माधुरी देवी, पूर्व उपचेयरमैन उषा सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर स्व. द्वारिका प्रसाद के तैलचित्र पर पुष्पांजलि करके की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा मीरा देवी व संचालन प्रदीप शरण ने किया। स्व. द्वारिका केसरी के पुत्र युवा समाजसेवी अखिलेश केशरी के द्वारा यह समारोह आयोजित किया गया।



अखिलेश केशरी ने कहा कि मेरे पिता जी का सपना था की लोगों को हर संभव मदद करना। वो जब तक जिये लोगों का हर संभव मदद किया। लोग उनको गरीबों के मसीहा कहते थे। आज उन्हीं के आदर्श पर चलने का कार्य हमलोग कर रहे हैं। मौके पर विनोद केसरी, कृष्ण कुमार केसरी, मोहन गुप्ता, भगवान जी वर्मा, आरती देवी, दिलिप केशरी, दशरथ प्रसाद विद्यार्थी, छोटू जायसवाल, अंकित केसरी आदि लोग मौजूद रहे।

## सम्मान के साथ फरियादियों की समस्याओं का किया जा रहा निपटाराः पुलिस अधीक्षक

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में बेहतर पब्लिक फ्रेंडली पुलिसिंग दिखने लगी है। अब सम्मान के साथ पब्लिक की फरियाद सुनी जा रही है। यह सुखद नजारा सोमवार को पुलिस ऑफिस में देखने को मिला। एसपी प्रमोद कुमार खुद ही फरियदियों के पास पहुंच कर उनकी शिकायत सुन रहे थे। इस दौरान एसपी द्वारा 50 से अधिक मामलों का सुलझाया गया।

वहीं मौके पर संबंधित अफसरों को खास टास्क भी दिया। कहा कि लोगों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाये। कहा कि इसका ख्याल रखा जाए कि किसी भी हाल में पब्लिक को निराश होकर नहीं लौटें। एसपी की इस नयी पहल से पब्लिक को अब लाइन में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करने के झंझट से मुक्ति मिल गयी है। अबतक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे लोगों को एसपी से मिलने ओर शिकायत सुनाने के लिए ऑफिस के बाहर खड़ा रहना पड़ता था। नाम बुलाने के बाद चैंबर में भी खड़े होकर इंतजार करना पड़ता था। हर रोज की तरह सोमवार को भी काफी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर एसपी ऑफिस पहुंचे थे। किसी को जमीन, तो किसी को केस से संबंधित मामले में शिकायत थी। सभी को पुलिस ऑफिस के सभागार में बैठाया गया था। कुछ देर के बाद एसपी पहुंचे और घूम-घूमकर लोगों की शिकायतों सुनते रहे।

### खसरा-रूबेला को जड़ से मिटाने के अभियान में जुटी जिला स्वास्थ्य समिति

# टीकाकरण से वंचित बच्चों को कैंप के माध्यम से दिया जा रहा टीका

**केटी न्यूज/सासाराम**

बच्चों में होने वाली कई प्रकार की जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए प्रसव पूर्व गर्भवती महिला एवं प्रसव के बाद नवजात शिशुओं को नियमित टीकाकरण के दौरान कई प्रकार के टीके दिए जाते हैं। जिसमें इंजेक्टेबल और ननइंजेक्टेबल टीका शामिल होता है, जो पूरी तरह से निःशुल्क होता है। नियमित टीकाकरण को लेकर अभी भी समाज में जागरूकता की कमी देखी जा रही है। खासकर गरीबी रेखा से नीचे रहने वालों के साथ साथ महादलित बस्ती में रहने लोगों में अभी भी जागरूकता का घोर अभाव देखा जा रहा है। हालांकि नियमित टीकाकरण को लेकर लगातार जागरूकता अभियान के साथ साथ टीकाकरण भी किया जा रहा है। खासकर खसरा और रूबेला जैसी खतरनाक बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए केंद्र सरकार ने कमर कस ली है। दिसंबर 2023 तक इसे जड़ से मिटाने के लिए मुहिम शुरू है। इसके तहत रोहतास जिले में खसरा रूबेला टीकाकरण से वंचित बच्चों की पहचान कर टीकाकरण भी शुरू कर दिया गया है। जिले में 2200 के आसपास वैसे बच्चे पाए गए, जो प्रथम और दूसरे टीका से वंचित थे। वैसे बच्चों को नियमित टीकाकरण एवं कैंप के माध्यम से टीकाकृत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



शिविर में बच्चे को टीका देती एएनएम

**लोगों के बीच सामंजस्य बना किया जा रहा टीकाकरण :** सासाराम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएचएम प्रवीण कुमार ने बताया कि सासाराम प्रखण्ड के सभी गांव में टीका से वंचित पांच साल के कम उम्र के बच्चों का सर्वे कर टीकाकरण शुरू कर दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों के महादलित बस्ती के साथ साथ शहरी क्षेत्रों में गरीब तबके के लोगों में टीकाकरण को लेकर अज्ञानता देखने को मिल रही है। इसके पीछे उन्होंने कई कारण भी बताए। उन्होंने बताया कि वैसे लोगों के साथ सामजंस्य बना कर उन्हें टीकाकरण के महत्त्व को बता कर बच्चों को टीकाकरण के लिए तैयार किया जा रहा है। साथ ही, स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है।

**मानसिक रूप से लोगों को करना होगा तैयार :** सासाराम सदर अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ विप्लव कुमार ने बताया कि टीकाकरण को लेकर शुरू से ही लोगों में एक नकारात्मक सोच बनी हुई है, जिसे इतनी आसानी से खत्म नहीं किया जा सकता है। ऐसे लोगों के बीच अधिक से अधिक जागरूकता कैंप लगाने की आवश्यकता है। क्योंकि नकारात्मक सोच को जागरूकता के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है।, उन्होंने बताया कि पहले जहां सरकारी स्वास्थ्य सुविधा को लेकर लोगों में नकारात्मक सोच बनी हुई थी, वह अब पूरी तरह से बदलती हुई दिखाई दे रही है। इसमें जागरूकता का अहम योगदान रहा है।

## खबरें फटाफट

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी पुलिस ने थाना क्षेत्र के नोनियाडेरा गांव में छापेमारी कर पांच लिटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को पकड़ने में कामयाबी पायी है। जब पुलिस ने उसे शराब के साथ पकड़ा तो वह नशे में भी था। पकड़े गये धंधेबाज की पहचान नोनियाडेरा गांव निवासी ललित चौधरी के रूप में हुई है। ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अपने ठिकाने पर शराब का धंधा कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस आरोपी के ठिकाने पर पहुंची और इसी दौरान पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा। जिसे दौड़कर पुलिस ने अपने गिरफ्त में ले लिया।

### मोबाइल व पर्स चुरा भाग रहा चोर धराया

**बक्सर।** बक्सर आरपीएफ ने सोमवार को अप विभूति एक्सप्रेस से एक यात्री का पर्स और मोबाइल फोन चुरा भाग रहे एक चोर को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार चोर नया भोजपुर का रहने वाला धनंजय कुमार है। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो मोबाईल के साथ ही पर्स में रेलवे टिकट व 200 रूपए नकद मिले। चोर ने बताया कि वह किसी स्लीपर बोगी से उक्त सामानों को चुराया था। इसके बाद आरपीएफ ने उसे जीआरपी के हवाले कर दिया। जीआरपी द्वारा उसे जेल भेज दिया गया है।

### नशे में झूमता शराबी गिरफ्तार

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी पुलिस ने थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर चौक से शराब के नशे में झूमते हुए एक शराबी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराबी पंजाबी चौधरी स्थानीय गांव का रहने वाला है। शराब के नशे में उत्पात मचा रहा था। इस दौरान गश्ती टीम की नजर उस पर पड़ गई। पुलिस ने उसे पकड़ मेडिकल जांच करवाया। मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने इसकी पुष्टि की।

# मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल वार्षिकोत्सव में छात्रों ने बिखेरा जलवा, लूटी वाहवाही

**केटी न्यूज/नावानगर**

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान छात्रों की प्रस्तुति पर झूम उठे दर्शक

स्थानीय प्रखंड के मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल सोनवर्षा का छठवां वार्षिकोत्सव सोमवार को धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर खूब जलवा विखेरा। रंगारंग कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी कला से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया था।

इस दौरान छात्रों ने सामूहिक एवं एकल नृत्य, संगीत, धार्मिक कट्टरपंथियों को संदेश देने वाले नाटक समेत एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति से उपस्थित सैकड़ों की संख्या में दर्शक झूमने को मजबूर हो गए थे।

वार्षिकोत्सव समारोह का उद्घाटन बिहार सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, डुमरांव विधायक डा अजीत कुमार सिंह, जिप सदस्य राजीव कुमार उर्फ राजू यादव, आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद विद्यालय परिवार की ओर से सभी आगंतुकों को अंग वस्त्र एवं फूल माला से स्वागत किया गया। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री ने कहा कि विद्यालय में बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।




कार्यक्रम में प्रस्तुति देती स्कूली छात्राएं

यही से उनके जीवन की दिशा और दशा तय होती है। उन्होंने छात्रों से खूब मन लगाकर पढ़ने तथा अनुशासन बरतने की नसीहत दी।

### छात्रों का सर्वांगीण विकास ही लक्ष्य: वीरेन्द्र सिंह

अपने संबोधन में विद्यालय के डायरेक्टर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है। इसके लिए वे मुख्य विषय के साथ ही समय समय पर छात्रों के बीच क्वीज कांटेस्ट, प्रतियोगिताएं, खेलकूद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी करवाते है। ताकी छात्रों के अंदर छिपी नैसर्गिक प्रतिभा को पहचान उन्हें तराशा जा सके। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य फोकस छात्रों को आधुनिक शिक्षा के साथ ही नैतिक शिक्षा देने पर रहता है ताकी छात्रों के जीवन में इसका लाभ मिल सके। डायरेक्टर ने कहा कि उनके विद्यालय के छात्र काफी अनुशासित है। जबकि उनके अंदर प्रतिभाएं भी कूट कूट कर भरी हुई है। वार्षिकोत्सव पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान उनकी प्रतिभा भी देखने को मिली। खासकर नाटक व सामूहिक नृत्य के दौरान दर्शक भाव विभोर हो उठे थे। पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शक तथा उपस्थित अभिभावक प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्द्धन भी करते देखे गए।

पूर्व मंत्री ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद भी शिक्षा का ही एक पहलू है। इसलिए इस तरह की कार्यक्रम विद्यालय में होनी चाहिए। उन्होंने इस आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को धन्यवाद भी दिया।

वहीं, डुमरांव विधायक ने कहा कि मदर टेरेसा के नाम पर स्कूल है। इसको ध्यान में रख गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा देना शिक्षकों का मुख्य उद्देश्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रयास करना चाहिए जिससे छात्रों की प्रतिभा उभरे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह तथा संचालन सुरेंद्र कुमार सिंह ने किया। मौके पर शिक्षक सुदीप कुमार सुनील कुमार भोला सिंह अकाश कुमार दशरथ सिंह चंद्रमा सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में शिक्षा प्रेमी मौजूद थे।

### इस खरीफ वर्ष में धान लेने के बाद से फरार है कथित बीज निगम का प्रभारी

# बीज निगम का अधिकारी बन हड़पा किसानों के ढाई करोड़ रुपए से अधिक कीमत का धान

- पिछले दो सत्रों में भी बीज निगम के नाम पर खरीदा था धान, मांगने पर दे रहा धमकी
- मामले को लेकर टाउन थाना पहुंचे पीड़ित किसान, थानेदार को दिया आवेदन
- पंचायत के किसानों से पहली बार 2020-21 में लिया था धान

**केटी न्यूज/बक्सर**



किसानों के साथ वार्ता करते टाउन थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार

बिहार राज्य बीज निगम के बक्सर का प्रभारी बन एक कथित अधिकारी ने राजपुर के दर्जनो किसानों से ढाई करोड़ रूपए से अधिक के धान हड़प लिए है। हालांकि इसके पहले दो सालों तक वह इन किसानों के धान की खरीद बीज के नाम पर करते रहा था तथा उन्हें उसका वाजिब पैसा भी दे रहा था। जिससे किसानों का उसके प्रति विश्वास बढ़ गया था। इस बार भी किसानों ने उसे बड़े पैमाने पर धान दिया था। लेकिन निर्धारित समय के बाद जब किसान उसे खोजने लगे तो वह न तो अपने कार्यालय पर मिला और न ही मुजफ्फरपुर स्थित अपने घर पर। उसका मोबाईल भी स्वीच ऑफ आ रहा था। जिसके बाद किसानों ने पता लगा मुजफ्फरपुर स्थित उसके ससुर के घर पहुंचे। वहा उसकी गाड़ी थी। ससुर और पत्नी भी मिले। लेकिन किसानों ने जब पैसे की मांग की तो गोली मरवाने की धमकी दे भगा दिए। इसके बाद थक हारकर वापस लौटे किसानों ने बक्सर टाउन थाने में बीज निगम के कथित प्रभारी अजीत कुमार, उसकी पत्नी कामिनी कुमारी तथा ससुर जगदीश प्रसाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। किसानों द्वारा एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**20-21 में पहली बार किसानों ने दिया था धान :** विजय शंकर ने बताया कि उसके झांसे में आ वह तथा अपने पंचायत के किसानों से पहली बार 2020-21 में धान लिया था। जिसका पैसा जनवरी में आ गया था। फिर 2021-22 का पैसा भी उसने दे दिया। जबकि सत्र 22-23 में अन्य किसानों का भी उस पर विश्वास बढ़ा तथा 1900 रूपए प्रति क्विंटल की दर से कुल 16 हजार 3790 क्विंटल धान किसानों ने उसे दिया था। जिसका कुल कीमत 3 करोड़, 4 लाख, 72 हजार 10 रूपए निर्धारित दर से हुआ था। कुछ दिनों के बाद वह 46 लाख 19 हजार 825 रूपए अपने ससुर व पत्नी के एसबीआई व बंधन बैंक के एकाउंट से पे फोन के माध्यम से एक किसान के खाते डाला था। इसके बाद से उसका मोबाईल बंद आ रहा है। उसके पास किसानों का अभी भी 2 करोड़, 58 लाख, 52 हजार 125 रूपए बकाया है। जबकि उसका मोबाईल भी बंद आ रहा है। विजय शंकर ने ही टाउन थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर के आवेदन पर दर्जनों किसानों ने अपने हस्ताक्षर किए है।

### 2017 से कर रहा था किसानों से संपर्क

राजपुर प्रखंड के हरपुर गांव निवासी पीड़ित किसान विजय शंकर राय ने बताया कि अजित कुमार पहली बार 2017 में उसके दरवाजे पर आए थे। उनके साथ उनकी पत्नी व ससुर भी थे। अजित ने अपना परिचय बिहार राज्य बीज निगम के बक्सर प्रभारी के रूप में दिया था तथा बताया था। अजित ने विजय शंकर को अपना धान पैक्सों के बदले बीज निगम को बेचने के लिए प्रेरित किया और बताया कि आपके धान को बीज निगम से वे स्वीकृति दिलवा देंगे। बीज के नाम पर धान के अधिक मूल्य भी मिलेंगे तथा पैक्सों की तरह वहां लंबे समय तक आपका पैसा बकाया नहीं रहेगा। बल्कि जनवरी महीने में एक मुश्त पैसे का भुगतान हो जाएगा। इसके बाद वह हर साल धान कटनी के समय हरपुर आ विजय शंकर से संपर्क करते रहा था।

> पीड़ित किसानों ने आवेदन दिया है। जिसकी जांच की जा रही है। जांच में मामला स्पष्ट होने के बाद ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।
>
> **- दिनेश मालाकार, थानाध्यक्ष, टाउन थाना, बक्सर**

## एक नजर

### राजपुर में एक ही रात दो जगहों पर चोरी, लाखों के सामान ले उड़े चोर, मामला दर्ज



**राजपुर।** राजपुर थाना क्षेत्र के जैतपुरा गांव में बीती रात चोरों ने दो जगहों पर चोरी की घटना को अंजाम दे ग्रामीणों को दहशतजदा कर दिया है। इस दौरान चोरों ने एक किसान के घर तथा एक दुर्गा मंदिर को निशाने पर लेते हुए नकदी, आभूषण व कीमती कपड़े समेत लाखों रूपए के संपति पर हाथ साफ किया है। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने गांव के किसान बलिराम राय के घर रविवार की रात्रि घर में प्रवेश कर हजारों रूपए नकदी, सोने और चांदी के जेवरात व कीमती कपड़ो को चुरा लिया। जबकि किसान के घर के पास स्थित दुर्गा मंदिर की दान पेटी भी चोर चुरा ले गए है। दान पेटी में भी चढ़ावे के हजारों रूपए होने की बात बताई जा रही है। सुबह में जब पीड़ित किसान की नींद खुली तथा घर के सामनों को अस्त व्यस्त पाया तब उसे समझ में आया कि रात में चोर अपना काम कर चुके है। इसके बाद ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी दी गई। चोरी की यह वारदात किसान बलिराम राय के घर की है। अभी लोग चोरी गए सामानों की पड़ताल कर रही रहे थे कि ग्रामीणों ने दुर्गा मंदिर के दान पेटी को भी गायब पाया। थोड़ी देर बाद बाधार गए किसानों ने गांव के दक्षिण चोरों द्वारा किसान के घर से चुरा कर ले गए बक्से को खेत में देखा। जाहिर है चोर बक्से का ताला तोड़ नकदी, आभूषण व कीमती सामान ले भागे थे। पीड़ित किसान ने स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया है। ग्रामीण क्षेत्र में हुई चोरी की इस वारदात के बाद कई सवाल खड़े हो रहे है। राजपुर थानाध्यक्ष युसुफ अंसारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आगाज



**बक्सर।** सदर बीडीओ दीप चंद जोशी की अध्यक्षता में बक्सर प्रखंड के प्रखंड स्तरीय दक्ष विद्यालय खेल कार्यक्रम का उद्घाटन बक्सर उच्च विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को किया गया। जिसमें प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विजय मिश्र, प्रधानाध्यापक उच्च विद्यालय बक्सर अजय कुमार सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ बक्सर अशोक कुमार, प्रभारी प्रखंड खेल कार्यक्रम लाल साहब, सुनील कुमार वर्मा और सौरव कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह कार्यक्रम सोमवार से बुधवार तक चलेगा। आयोजन में सरकारी और निजी विद्यालय को भी शामिल किया गया है। प्रखंड स्तरीय दक्ष विद्यालय खेल प्रतियोगिता में सोमवार को बक्सर उच्च विद्यालय के प्रांगण में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस सिंगल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल के छात्रों तथा छात्राओं का दबदबा रहा। आज के मैच में अंडर 14 डीएवी के प्रतीक राज विनर और सेंट मैरी के नंदन गुप्ता रनर रहे, अंडर-17 डीएवी के सुजल कुमार विनर कैंब्रिज के कृष्ण वर्मा रनर रहे ,अंडर-19 में डीएवी के शुभम कुमार विनर तो श्री राम जानकी विद्या मंदिर के अमन वर्मा रनर रहे। वही गर्ल्स संवर्ग में अंडर 14 में श्री विश्वामित्र स्कूल के अंशु कुमारी विनर तो संत मैरी के आर्य पांडे रनर रही अंडर 17 की प्रतियोगिता में डीएवी की सृष्टि कुमारी विनर तो संत मैरी के सिमरन कुमारी रनर रही, अंडर-19 बालिका संवर्ग में कैंब्रिज विद्यालय की आयशा श्रीवास्तव विनर तो स्मृति कुमारी रनर रही।

### स्टेशन पर उपद्रव करने वाले चार गिरफ्तार

**बक्सर।** पिछले साल 15 और 16 जून को केन्द्र सरकार के अग्निपथ योजना के खिलाफ छात्रों द्वारा काफी उग्र आंदोलन किया गया था। इस दौरान बक्सर, डुमरांव तथा रघुनाथपुर में रेलवे ट्रैक पर धरना प्रदर्शन के साथ ही रेलवे की संपति को नुकसान भी पहुंचाया गया था। इस मामले के चार आरोपियों को बक्सर आरपीएफ ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार आरोपियों में सोनू कुमार, धनजीत यादव, धर्मेंद्र यादव और कृष्णा कुमार साहनी है। चारों ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के कांट गांव के रहने वाले है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि अग्निपथ योजना को लेकर दो दिनों तक रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर उपद्रवियों ने रेलवे स्टेशन पर उत्पात मचाया था। मामले में 20 नामजद समेत सौ अज्ञात पर केस दर्ज किया गया था। जिनमें चिन्हित किए गए चार आरोपियों को ब्रह्मपुर से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### 3 वर्ष तक की बच्चियों को मिलेंगे दो हजार रुपए

**केसठ।** मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत 3 वर्ष तक के बच्चियों को 2000 की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए पीएचसी के प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक सुशील कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत 3 वर्ष के बच्चियों को दो हजार की प्रोत्साहन राशि दिया जाता है। उन्होंने बताया कि जिन बच्चियों का 16 महीना का पूर्ण टीकाकरण हो गया है वे इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज माता का आधार कार्ड, बच्ची का आधार कार्ड ,पूर्ण टीकाकरण प्रपत्र, माता का बैंक का खाता होना जरूरी है। यह लाभ पाने हेतु लाभार्थी अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, एएनएम एवं आशा कर्मी से संपर्क कर इस के बारे में जानकारी ले सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि इस फॉर्म को भरकर केसठ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कार्यालय में जमा करना है।

# सरस्वती पूजा के लिए समितियों को अपने संबंधित थानों में आवेदन देकर लाइसेंस लेना अनिवार्य: अंचलाधिकारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

26 जनवरी को मनाए जाने वाले सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए पुलिस प्रशासन ने अभी से ही तैयारियां शुरू कर दी है। सोमवार को अनुमंडल के डुमरांव, नया भोजपुर ओपी तथा मुरार थाने में इसे ले शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। डुमरांव तथा नया भोजपुर ओपी में आयोजित बैठक स्थानीय सीओ अंकिता सिंह की अध्यक्षता में जबकि मुरार थाना में आयोजित बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने की।

बैठक में पूजा समितियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



निरीक्षण क

शांति समिति की बैठकों के दौरान बताया गया कि सभी पूजा समितियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य है। बिना लाइसेंस लिए पूजा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस के लिए समिति के सदस्य अपने-अपने थाना में आवेदन देकर लाइसेंस प्राप्त कर सकते है। इसके अलावे यह भी बताया गया कि पूजा पंडालों और विसर्जन के दौरान डीजे व अश्लील गीत बजाने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। शांति समिति द्वारा सद्भावपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजा मनाने की अपील की गई। वही 28 जनवरी को हर हाल में अपने नजदीकी तालाबों में मूर्तियों को विसर्जित करने का निर्देश दिया गया। विसर्जन के दौरान भी डीजे नहीं बजाना है। वही जबरन चंदा वसूली नहीं करने का निर्देश भी दिया गया। डुमरांव थाने में आयोजित बैठक में थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम, नप के प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह, मोहन गुप्ता, धीरज कुमार, अमर कुमार, आरिफ हुसैन, प्रमोद पासवान सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# मालगाड़ी के वैगन का सिल तोड़ गेहूं का बोरा चुराते चोर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार की शाम बक्सर स्टेशन के होम सिंगनल पर खड़ी एक मालगाड़ी के वैगन का सिल तोड़ उसमें लदे गेहूं के बोरों की चोरी कुछ चोर करने लगे थे। किसी ने इसकी सूचना आरपीएफ को दे दी। मौके पर पहुंची आरपीएफ ने एक चोर को गिरफ्तार करने के साथ ही वैगन से निकाले गए 18 बोरा गेहूं को जब्त कर लिया। जबकि उसके अन्य चार पांच साथी अंधेरे का लाभ उठा भागने में सफल रहे।

गिरफ्तार चोर बक्सर नई बाजार का रहने वाला सरोज राम बताया जाता है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि रविवार की शाम बक्सर स्टेशन के होम सिग्नल पर एक मालगाड़ी आकर खड़ी हुई। जिसमें गेहूं के बोरे लदे हुए थे। इसी बीच कुछ अपराधी मौके पर पहुंचकर एक बैगन का सील तोड़ कर गेहूं चोरी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उससे पूछताछ कर उसके अन्य साथियों का पता लगाया गया है। उन्हें भी जल्दी ही पकड़ लिया जाएगा। आवश्यक पूछताछ के बाद आरपीएफ ने उसे जीआरपी के जिम्मे सौंप दिया। इस घटना के बाद आरपीएफ की गश्ती बढ़ाई जा रही है। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि इसके लिए आरपीएफ के जवानों को शिफ्टवार गश्ती कराई जाएगी। इस दौरान संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जाएगी। ताकि, ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें।

### विश्व कुष्ठ निवारण दिवस को लेकर 30 जनवरी को कार्यक्रम का होगा आयोजन

# कुष्ठ उन्मूलन के लिए आशा कार्यकर्ताओं को बनाया जाएगा दक्ष

**केटी न्यूज/बक्सर**

- सरकारी कार्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर दिलाई जाएगी शपथ, किट का होगा वितरण

सरकार ने वर्ष 2030 तक जिले से कुष्ठ का पूरी तरह से सफाया करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिए राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में कुष्ठ रोगियों के लिए लगातार अभियान चलाए जाते हैं। लेकिन, अब इसे और भी गति देने की तैयारी की जा रही है। इस क्रम में अब जिले की सभी आशाओं को कुष्ठ उन्मूलन में भागीदारी बढ़ाई जाएगी। इसके लिए सभी आशाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने सभी प्रखंडों में तिथिवार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने का निर्देश दिया है। प्रशिक्षण में आशा कार्यकताओं को कुष्ठ रोग के कारण, लक्षण, बचाव, उपचार एवं मरीजों की कैसे पहचान करें समेत अन्य जरूरी जानकारी दी जाएगी। ताकि प्रशिक्षित कर्मी आसानी के साथ मरीजों की पहचान कर उन्हें इलाज कराने के लिए प्रेरित कर सकें और अभियान का सफल संचालन सुनिश्चित हो सके। दूसरी ओर, विश्व कुष्ठ निवारण दिवस को लेकर जिले



में 30 जनवरी को सभी सरकारी कार्यालयों, स्वास्थ्य संस्थानों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

**कुष्ठ रोगी खोज अभियान काफी आसान :** जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, कुष्ठ रोगी खोज अभियान काफी आसान है। इस दौरान दो तरह के मरीज मिलने की संभावना रहती है। पहला पीबी यानी जिस मरीजों को एक से दो जगह पर बीमारी की विकृति है, उन्हें 06 माह और दूसरा एमबी यानी जिन्हें दो से अधिक जगहों पर बीमारी की विकृति है, उन्हें 09 माह तक दवाई का सेवन करना जरूरी है। तभी बीमारी को पूर्ण रूप से समाप्त किया जाता है। वहीं, उन्होंने बताया, सामान्य मरीजों के लिए पीएचसी स्तर पर समुचित इलाज की सुविधा उपलब्ध है। जबकि, गंभीर मरीजों को जिला स्तरीय अस्पताल भेजा जाता है। हाल ही में कुष्ठ के मरीजों की खोज के लिए अभियान चलाया गया था। जिसके तहत आशा कार्यकताओं के नेतृत्व में एक-एक टीम घर-घर जाकर मरीजों की पहचान करेंगी और संबंधित मरीजों को इलाज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

### कुष्ठ एक नजर

- कुष्ठ जीवाणु से होने वाला रोग है।
- कुष्ठ नस व त्वचा को प्रभावित करता है।
- समय पर इलाज नहीं किया जाए एवं लंबे समय तक साथ रहने पर एक से दूसरे व्यक्ति में फैलने की प्रबल संभावना रहती और विकलांगता भी हो सकती है।
- यह किसी भी व्यक्ति, किसी उम्र की महिला-पुरुष को प्रभावित कर सकता है।
- सही समय पर रोग की पहचान एवं उपचार प्रदान कर रोग को पूर्ण रूप से समाप्त किया जा सकता है।

## खबरें फटाफट

### चोरी की बाइक के साथ अपराधी धराया

**बलिया।** सिकन्दरपुर थाना पुलिस द्वारा चोरी की बाइक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सिकन्दरपुर पुलिस को यह सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार सोमवार को सिकन्दरपुर थाना पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि जमुई चट्टी के पास एक एक संदिग्ध व्यक्ति चोरी की बाइक के साथ खड़ा हैं। पुलिस ने तत्काल जमुई चट्टी की घेराबंदी कर बाइक के साथ खड़े एक संदिग्ध व्यक्ति को धर दबोचा। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम विपुल राजभर पुत्र निठाली राजभर निवासी मुड़ियापुर वार्ड न. 2 थाना सिकन्दरपुर बताया।

### सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**मऊ।** शासन के निर्देशन में 5 जनवरी से 4 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह उद्घोषित है। जिसके तहत सोमवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के शुभ अवसर पर क्षेत्र के समस्त इंटर कॉलेज एवं परिषदीय विद्यालय के छात्र छात्राओं ने कोतवाली गेट से लेकर सब्जी मंडी तक उपजिलाधिकारी अवधेश चौहान के नेतृत्व में मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया। जिसमें बताया गया कि गाड़ी चलाते समय हेलमेट लगाएं, कागजात, सीट बेल्ट लगाकर यातायात के नियमों का पालन करें। इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं की रैली टाउन इंटर कॉलेज के प्रांगण में पहुंची। जहां पर उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में व्यवसायिक शिक्षक राम जी पांडेय ने छात्र छात्राओं व लोगों को यातायात नियमों की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में तहसीलदार राहुल गुप्ता, नायब तहसीलदार गौरव शाह, अधिशासी अधिकारी राम समुख, नितेश गौरव, पूर्ति निरीक्षक आनंद यादव, प्रधानाचार्य रामनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

## जिले में 300 करोड़ का लक्ष्य था उद्योगपतियों ने 17 सौ करोड़ रुपए इन्वेस्ट कर जताया विश्वास

# बढ़ता गाजीपुर: 138 निवेशकों द्वारा 1752.63 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव पोर्टल पर किया गया रजिस्टर्ड

### उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्ट समिट 2022-23 का जनपद में आगाज: विशाल सिंह चचंल

### उत्तर प्रदेश ग्लोबल निवेश समिट से जनपद को मिलेगी एक नयी उड़ान, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर: विरेन्द्र सिंह मस्त

### आप एक कदम चलें, हम 100 कदम चलेंगें: जिलाधिकारी आर्यका अखौरी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद में बेहतर परिवेश, उद्यम में खुलकर करे निवेश के साथ जनपद के ग्रैन्ड पैलस होटल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट -2023 का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बलिया सांसद विरेन्द्र सिंह मस्त, एवं जिला पंचायत अध्यक्ष सपना थी। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित के साथ विश्वकर्मा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चचंल, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के अधिकारी, जनपद के संबन्धित अधिकारी, सभी बैंकों के प्रबन्धक के साथ कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इसके अलावे अवसर पर सरिता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व, उद्यमी वशिष्ठ यादव, प्रबन्धक सुखबीर एग्रो, अक्षय कुमार दूबे, प्रदीप कुमार सिंह, कृष्ण मुरारी राय, अखिलेश राय, सरोज राय के साथ अन्य उद्यमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केन्द्र के एसीटी सुभाष प्रसाद ने किया तथा कार्यक्रम में समापन मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता ने किया।

बलिया सांसद विरेन्द्र सिंह मस्त ने प्रमुख उद्यमियों व अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि देश की निर्माण में उद्योगपतियों की बहुत बड़ी भुमिका रही है। उद्योगपति देश के निर्माण को लेकर आजादी तक कायम करने में आजतक संग्लन रहे है। उद्योगपति हमारे देश के बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है। देश, शासन एवं प्रशासन और सामाज तीनो के संयुक्त प्रयासो से आगे बढता है। हम भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार तथा गाजीपुर प्रशासन के तरफ से भरोसा दिलाते है कि गाजीपुर के विकास के मार्ग में



इन्वेस्ट गाजीपुर का लोगो जारी करते जनप्रतिनिधि, अधिकारी व अन्य

योगदान दिलाने की उपस्थिति दर्ज करायी है हम स्वागत करते है, आगे बढ़िये पूरा गाजीपुर आपके साथ रहेगा। कोई भी कठीनाई होने पर तत्काल अधिकारियों से सहयोग ले, सहायता पूरी तरह से की जायेगी। विधान परिषद सदस्य ने उद्बोधन में जिला प्रशासन एवं इन्वेस्टर्स तथा पत्रकार बन्धु को बधाई देते हुए कहा कि 300 करोड़ का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष 17 सौ करोड़ का इन्वेस्ट कर आप सभी ने विश्वास जताया है। जनपद में इन्वेस्ट पहले ही आ जाना चाहिए था। उन्होने मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देते हुए कहा कि जनपद गाजीपुर जैसे पिछड़े जिले में भी 1000 या 1500 सौ करोड़ के उद्योग लगाये जा रहे है, तथा उन व्यापारियों को भी धन्यवाद दिया जिन्होने जनपद गाजीपुर चुना है। आने वाले 2 से 3 वर्ष बाद और उद्यमी आयेगे। जिससे गाजीपुर के युवाओं को यहीं रोजगार मिलेगा।

**गाजीपुर गुण्डा माफियाओं के नाम से थी पहचान :** जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिह ने कार्यक्रम में कहा कि मुझे गर्व है कि हम जनपद गाजीपुर के है। विगत वर्ष पहले गाजीपुर गुण्डा माफियाओं के नाम से जाना जाता था। यहा पर इन्वेस्ट करने से लोग डरते थें जिससे गाजीपुर पिछड़ा रह गया जो भी निवेशक यहा निवेश करना चाहते है उनका जनपद गाजीपुर में स्वागत है। पूर्वाचल में निवेश से लगभग 30 हजार युवकों को रोजगार मिलेगा।

**जनपद में उद्यमी अपना उद्योग करें स्थापित पुलिस आपके साथ :** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि उद्यमियों तथा अधिकारियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि इन्वेस्टमेंट व सुरक्षा व्यवस्था दोनों जरूरी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखा जाए तो इससे देश व प्रदेश काफी विकास होगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने बेहतर रूप से समझकर पुलिस से यही अपेक्षा की है कि कानून व्यवस्था में सुधार हो जिसमें आज उत्तर प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार हुआ है। माननीय मुख्यमंत्री जी का विजन है कि गाजीपुर में सुरक्षा व्यवस्था प्राप्त हो इसके लिए पुलिस कार्यालय में इन्वेस्टमेंट सेल की भी स्थापना किया गया है। जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जो कार्य उद्यमी कर रहे हैं। उन्हें अगर कोई समस्या हो तो अवगत कराएं ताकि उसका निस्तारण कराया जा सके। सभी बाहर से आए हुए उद्यमी अपना उद्योग स्थापित करें कोई भी समस्या होगी तो पुलिस प्रशासन आपके सहयोग में हमेशा तत्पर रहेगा।

**गाजीपुर की जनसंख्या 44 लाख 65 फिसदी युवा वर्ग:** मानव संसाधन की दृष्टि से गाजीपुर की जनसंख्या लगभग 44 लाख है। जिससे लगभग 65 प्रतिशत व्यक्तियों की औसत आयु 18-40 वर्ष के मध्य में है। शासन द्वारा जनपद गाजीपुर में एमएसएमई विभाग को 300 करोड़ के निवेश का लक्ष्य दिया गया है, जिसके सापेक्ष 76 निवेशकों द्वारा 378 करोड निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है, इसके अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों को मिलाकर जनपद में कुल 138 निवेशकों द्वारा 1752.63 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव इन्वेस्ट यूपी के पोर्टल निवेश सारथी पर पंजीकृत कराया जा चुका है। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस 24-26 जनवरी, तीन दिवसीय कार्यक्रम रायफल क्लब के परिषर में आयोजित किया जा रहा है।


कार्यक्रम का उद्घाटन करते सांसद व अन्य


लोगों को संबोधन करते सांसद

## पिछले दशकों से बहुत परिवर्तित हुआ है गाजीपुर: जिलधिकारी

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि गाजीपुर में आने पर मुझे बहुत खुशी और हर्ष का विषय है। मुख्यमंत्री जी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश में 10-12 फरवरी को इन्वेस्टर्स समिट लखनऊ में आयोजित की जा रही हैं। जिसमें देश के उद्योगपति इन्वेस्ट करेगे। उसी के क्रम में आज जनपद गाजीपुर में इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की जा रही है। ये धरती तपश्वियों व ऋर्षियों की रही है। यहां से ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग सेना में रहते है। जनपद गाजीपुर पिछले दशकों से बहुत परिवर्तित हुआ है। जिसका परिणाम है कि आज इन्वेस्टर्स समिट आयोजित हो रही है। हमें लक्ष्य 300 सौ करोड़ का मिला था। उससे तीन गुना से अधिक निवेश प्राप्त हुआ है। जो नन्दगंज में चीनी मिल बन्द है, उसको उद्योग के कार्य में लाया जा सकेगा। कार्यक्रम मे निवेश पोर्टल पर आन लाईन करने वाले उद्यमियों को जिलाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश सरकार की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डालर करने हेतु कतिबद्ध है। यह तभी संभव है जब प्रदेश में निवेश होगा। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु आज जनपद गाजीपुर में भी जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया है। गाजीपुर का परिवेश भौगोलिक कच्चे माल एवं मानव संसाधन की उपलब्धता के दृष्टिकोण से बेहतर है। जनपद परिवहन के दृष्टिकोण से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे द्वारा राजधानी से जुड़ा है। बिहार प्रांत तथा वाराणसी से जुड़ा है। गोरखपुर तथा वाराणसी रिंग रोड के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लालबहादुर शास्त्री बाबतपुर से जुड़ा है। रेलवे द्वारा भी दिल्ली, मुम्बई, गुजरात तथा अन्य प्रान्तो से जो कच्चे माल के आयात एवं उत्पादित माल के निर्यात से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। गाजीपुर जनपद से राष्ट्रीय जलमार्ग भी वाराणसी और पश्चिम बंगाल के हल्दिया पोर्ट से जुड़ गया है।

## लोगों की समस्याओं का समाधान कराएं: प्रतुल

**केटी न्यूज/ बलिया**

सोमवार को नगर पंचायत में व्याप्त समस्याओ को लेकर भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम से मिला। भाजपा बांसडीह मण्डल अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी बांसडीह राजेश गुप्ता से मिलकर पत्रक सौंपा।

उपजिलाधिकारी बांसडीह को सौंपे गये पत्रक में बांसडीह कचहरी चौराहे स्थित खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट को ठीक किए जाने, नगर पंचायत के वार्ड 12 स्थित कठबंधवा में विगत कई महीनों से सड़क पर जलजमाव लगने के कारण हो रही दुर्घटना के साथ ही वार्ड 15 में स्थित चौहान बस्ती में विगत कई महीनों से नाले की सफाई न होने के अलावा नगर पंचायत के कई वार्डों में खराब पड़े हैं। पम्प तथा सौर ऊर्जा की लगी लाइट और बिजली के खम्भों पर स्ट्रीट लाईट से संबंधित समस्या शामिल था। भाजपा बांसडीह मण्डल अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा ने बताया कि शासन की मंशा है कि आम जनता की छोटी मोटी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर तत्काल कराया जाए। सरकार की तरफ से मिलने वाले हर योजनाओं का लाभ आम जनता को सीधे पहुंचे। नगर पंचायत की समस्याओं से उपजिलाधिकारी बांसडीह को पत्रक के माध्यम से अवगत कराया गया। उपजिलाधिकारी बांसडीह राजेश गुप्ता ने तत्काल समस्याओं के समाधान के लिये नगर पंचायत के ईओ को निर्देशित किया।


उप जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपते भाजपा के मंडल अध्यक्ष व अन्य

## युवा पीढ़ी के लिए शंकर राजभर एक आर्दश व्यक्तित्व: पूर्व सांसद

**केटी न्यूज/बलिया**

अखिल भारतीय राजभर संगठन के तत्वावधान में सोमवार को पाण्डेय के पोखरा पर शहीद स्वतंत्रता सेनानी शंकर राजभर की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर लोगों ने नमन किया। कार्यक्रम में आयोजित गोष्ठी में लोगों ने विचार व्यक्त किया।

गोष्ठी में बोलते हुए पूर्व सांसद रामाशंकर राजभर ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद सेनानी शंकर राजभर ने देश को आजाद कराने में बांसडीह क्षेत्र के अपने सेनानी साथियों के साथ अपना बलिदान दिया था। राजभर समाज के युवा पीढ़ी के लिए शंकर राजभर एक आर्दश व्यक्तित्व रहें है। समाज के लोगो को उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर राजभर समाज व अन्य लोगों के उत्थान व विकास के लिए कार्य करना चाहिए। पूर्व सांसद ने कहा कि राजभर समाज वर्षों से उपेक्षित रहा हैं। समाज के लोगो को आपस में मिलकर एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम के आयोजक बीरबल राजभर ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर हरेंद्र सिंह, सुशील सिंह, रमापति राजभर, मुन्ना राजभर, उमेश राजभर, सुनील राजभर, हीरालाल वर्मा, बृजेश राजभर, दुर्गेश राजभर, कादिर साहनी, हरेराम शास्त्री आदि थे।

## रैंप प्लाजा बनाने के लिए बीडीओ से मिले ग्रामीण

**केटी न्यूज/मऊ**

सोमवार को रानीपुर ब्लाक मुख्यालय पर भारतीय किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष शिवशक्ति सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों के द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के रानीपुर-गोकुलपुरा मार्ग के बीच मे प्रस्तावित रैम्प प्लाजा चढ़ाव उतराव के निर्माण के संदर्भ में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी कलाधर पांडेय को सौपा। ज्ञापन में ग्रामीणों का कहना है कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का 28 किमी मार्ग मऊ जनपद से होकर गुजरता है। परन्तु जनपद में चढ़ने उतरने के लिए कोई सुविधा नहीं दी गयी है। जिससे जनपद के लोग अपने को उपेक्षित महसूस कर रहे है। जबकि बगल के जिलों में दो-दो तीन तीन रैम्प बने हुए हैं। रानीपुर गोकुलपुरा मार्ग के बीच रैम्प प्लाजा बनाने की घोषणा प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना व यूपीडा के निदेशक अवनीश अवस्थी के द्वारा निरीक्षण कर किया गया था। रैम्प प्लाजा के लिए जमीन भी चिन्हित की गयी है। इसका सीमांकन कर झण्डा भी लगाया गया है। लेकिन घोषणा के 18 माह बाद भी कार्य शुरू नहीं कराया गया है। जिससे जनपद के लोगों को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। जनपद के लोगों को एक्सप्रेसवे पर चढ़ने के लिए लम्बी दूरी तय कर गैर जनपद आजमगढ़, गाजीपुर जाना पड़ता है।



बीडीओ को मांग पत्र सौंपते लोग

### 2018 में रिटायर्ड हुए थे रामाशीष सिंह, उसके बाद से गांव में कर रहे है फल-फूलों की खेती

# गांव में जैविक खेती कर अलख जगा रहे हैं रिटायर्ड एएसआई

**अखिलानंद त्रिपाठी/गाजीपुर**

रेवतीपुर ब्लॉक के युवराजपुर गांव के प्रगतिशील किसान रामाशीष सिंह अपने एक बीघे जमीन में जैविक खेती करके न केवल जल जीवन और हरियाली को संरक्षित कर रहे हैं। बल्कि किसानों को नए तरीके से आमदनी करने का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी ऑर्गैनिक फार्मिंग को देखकर गांव के कई किसान उनकी ऐसी खेती का भी अनुसरण कर रहे हैं। जैविक उत्पादों में पपीता, केला, अमरूद, आम, चुकंदर, चीकू, राजमा के अलावे फूलो की विभिन्न प्रकारों की भी खेती बहुत ही बड़ा आमदनी का श्रोत है। इसके साथ ही एक तालाब भी खुदवाए है जिसमे मछली पालन भी करते हैं। तालाब के चारों तरफ वृक्षा रोपण कमोबेश फलदार वृक्ष भी लगाए गए हैं। रामाशीष सिंह 2018 में उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद से रिटायर्ड होकर गांव मे जैविक खेती प्रारंभ किए। हालांकि वो बताते हैं कि मैने ये कार्य शौकिया तौर पर प्रारंभ किया था जो अब लोगों के और प्रकृति के स्वास्थ्य के साथ ही साथ मेरी आमदनी का भी एक जरिया बना हुआ है।

रामाशीष सिंह कहते हैं कि सरकार की तरफ से जैविक खेती के लिए सरंक्षण और विपणन का सहायता प्राप्त होता तो इसे और व्यापक स्तर भी किया जा सकता है जिससे किसानों के जीवन स्तर मे सुधार होगा। मुझे खुशी है कि पिछले साल गाजीपुर और बनारस में फैले डेंगू वायरस के रोगी मेरे ऑर्गैनिक उत्पादों को निशुल्क उपयोग कर के फायदा उठाये हैं। गांव के स्थानीय निवासी और जनपद के वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र सिंह ने रामाशीष सिंह जैसे किसानों को सरकार की तरफ से जैविक कारीडोर योजना अंतर्गत अनुदान एवं सहायता की मांग की है साथ ही जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा की भी।


उत्पादन को दिखाते किसान रामाशीष सिंह


रामाशीष सिंह के खेत

## वॉलीबॉल मैच में आशीष राय को चुना गया मैन ऑफ द मैच

**केटी न्यूज/बलिया**

कृष्णा शिक्षा निकेतन नरहीं में वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन की शुरूआत रुद्राभिषेक के साथ हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया रुद्राभिषेक की मंत्रोच्चार ध्वनि से पूरा ग्राम गुंजायमान रहा। इसके पश्चात खेल कूद प्रतियोगिता प्रारंभ हुआ।

जिसमें लम्बी कूद ऊंची कूद गोला भाला डिस्कस का प्रक्षेपण किया गया। इसके पश्चात कबड्डी व बालिकाएं खो-खो प्रतियोगिता में शामिल रही। उसके उपरांत वॉलीबॉल का प्रथम मैच आर के मिशन सागरपाली व कृष्णा शिक्षा निकेतन बीटीएम के मध्य हुआ। आखिर में फाइनल मुकाबला सेवा संघ इंटर कालेज सोहांव व कृष्णा शिक्षा निकेतन ए टीम के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमें संयुक्त रूप से विजेता रही। इसमें मुख्य रूप से मर्चेंट इंटर कॉलेज चितबड़ागांव के अलावा अन्य पांच टीमों ने हिस्सा लिया।

मैन ऑफ द मैच आशीष राय व मैन ऑफ सीरीज शोएब को चुना गया। निर्णायक की भूमिका में एस कुनाल सिंह संचालन अभिषेक सिंह ने किया। प्रबंधक रविकांत उपाध्याय ने सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कृष्णा नंद सिंह, अहमद रजा, वाल्मीकि सिंह, मनीष तिवारी व अन्य उपस्थित रहे।